हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

04 युवक की संदिग्ध मौत से भड़का गुस्सा शव कार में ...



07 जिले में एड्स के 610 मरीज, हर साल बढ़ता ही जा रहा...





**खबर संक्षेप**

### 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एम. के. वर्मा, न्यायाधीश उपं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू विद्युत महाप्रबंधक पूनम तुमराम, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में हुई 45 आवेदनों पर सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिपं सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील है कि गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रह हैं।

## सीहोर नगरीय क्षेत्र में जनता के बीच रहने वाले नेताओं में फिर दिखी आशा भरी उम्मीदें

# निकाय सत्ता में फिर जनता का राज, अब सीधे मतदाता ही चुनेंगे अपना अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश की नगरीय निकाय राजनीति में एक रोचक बदलाव आ गया है। मंगलवार को विधानसभा में मध्यप्रदेश नगरपालिका संशोधन अध्यादेश-2025 सर्वसम्मति से पारित होने के बाद, अब नगर पालिका और नगर परिषदों के अध्यक्षों का चुनाव पार्षदों के अप्रत्यक्ष वोट के बजाय, सीधे जनता के वोट से होगा। इस फैसले ने जिले के नौ नगरीय निकायों में स्थानीय राजनीति के समीकरणों को पूरी तरह से बदल दिया है। बता दें सीहोर नगर पालिका के अध्यक्ष पद की कुर्सी पर जनता द्वारा सीधे चुने गए जनप्रतिनिधियों का इतिहास हमेशा से ही दिलचस्प रहा है। यह निर्णय उन नेताओं के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है जो सीधे तौर पर जनता के बीच लोकप्रिय हैं।

### यह चार नेता रहे जनता की पसंद

सीहोर नगर पालिका में पहले हुए चार डायरेक्ट चुनावों की बात करें तो 1999 में कांग्रेस नेत्री रुकमणी रोहिला अध्यक्ष बनी थीं, जिन्होंने भाजपा की वीणा व्यास को पराजित किया था। इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार राकेश राय ने निकाय की सत्ता संभाली और उन्होंने भाजपा के रुद्रप्रकाश राठौर और कांग्रेस के प्रेमबंधु शर्मा को पराजित किया। अगले चुनाव में भाजपा के नरेश मेवाड़ा नपाध्यक्ष के रूप में चुने गए, जिन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राकेश राय को हराया। इसके बाद भाजपा की ओर से अमिता जसपाल सिंह अरोरा अध्यक्ष बनीं, उन्होंने कांग्रेस की रीना राहुल यादव को शिकस्त दी थी।



**दो बार महिला-दो बार पुरुष :** सीहोर नगर पालिका में जनता द्वारा चुने गए अध्यक्षों के इन चार चुनावों में रोचक बात यह रही कि दो बार महिला जनप्रतिनिधि और दो बार पुरुष जनप्रतिनिधि काबिज हो चुके हैं।

### जिले के 9 निकाय होंगे प्रभावित

जिले में कुल नौ नगरीय निकाय हैं, जिनमें दो नगर पालिका (सीहोर और आष्टा) और सात नगर परिषद (कोठरी, जावर, इछावर, बुदनी, शाहगंज, रेहटी, भैरुंदा) शामिल हैं। वर्तमान में जिले के 9 निकायों में से 7 पर बीजेपी, एक पर निर्दलीय और एक पर कांग्रेस काबिज है। इस नए बदलाव के बाद इन सभी निकायों में अब वही उम्मीदवार प्रभावी होगा जो अपने क्षेत्र में लोकप्रिय होगा, क्योंकि अब जीत की चॉबी केवल पार्षदों के हाथ में नहीं, बल्कि सीधे जनता के हाथ में होगी। विधानसभा में पारित हुए इस निर्णय के बाद जनता के बीच रहने वाले जनप्रतिनिधियों में एक बार फिर से उम्मीदें जाग उठी हैं।

**वर्तमान अप्रत्यक्ष अध्यक्ष प्रिंस राठौर :** सीहोर नपा में बीजेपी के प्रिंस विकास राठौर अध्यक्ष के रूप में काबिज हैं, उनका चुनाव पार्षदों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किया था। अब नए फैसले के बाद 35 वार्डों वाली सीहोर नपा में अगली बार अध्यक्ष वही होगा, जिस पर जनता सीधे विश्वास जताएगी। संशोधन विधेयक में अध्यक्ष को हटाने के लिए लाए जाने वाले राइट टू रिकॉल की अवधि को भी ढाई साल से बढ़ाकर तीन साल कर दिया गया है।

## ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, बूचड़ख़ाना खुला तो प्रतिदिन कटेंगे 4 हजार भैंस-बकरा-बकरी और भेड़

# प्रदर्शनः प्रस्तावित बूचड़खाने को लेकन बवाल, यूपी की कंपनी पर झूठी एनओसी लेने का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि एसएजी कंपनी ने 24 जनवरी को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा कतपोन से एनओसी भवन निर्माण एवं विद्युत कनेक्शन यह कहकर लिया था कि वे यहां फल एवं सब्जियों के संरक्षण का कार्य करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





दोराहा तहसील के ग्राम सतपोन में प्रस्तावित बूचडख़ाना (कसाईखाना) विवादों के केंद्र में आ गया है। आगरा (उत्तर प्रदेश) स्थित एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने झूठे दस्तावेज के आधार पर ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी लिया और अब यहां रोजाना हजारों भैंस, बकरे और भेड़ काटने का कार्य किया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम सतपोन की कृषि भूमि खसरा नंबर 70/3/2 से 70/3/8 पर एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्रालि. शोएब अहमद और सगीर अहमद, आगरा निवासी द्वारा यह यूनिट स्थापित की जा रही है। प्रदूषण बोर्ड को दी गई जानकारी के अनुसार यहां प्रतिदिन लगभग 1000 भैंस, 2000 बकरा-बकरी और 1000 भेड़ को काटने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कटान से निकलने वाले चमड़ा, हड्डी, खून और अपशिष्ट से पूरे क्षेत्र में भयानक प्रदूषण और बदबू फैलेगी, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा है।

### फल-सब्जी के नाम पर लिया गया एनओसी

ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि एसएजी कंपनी ने 24 जनवरी को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा कतपोन से एनओसी भवन निर्माण एवं विद्युत कनेक्शन यह कहकर लिया था कि वे यहां फल एवं सब्जियों के संरक्षण का कार्य करेंगे।

हैरानी की बात यह है कि 24 जनवरी को यह जमीन कंपनी के नाम थी ही नहीं, बल्कि अन्य व्यक्तियों शमीम व मो. यासीन के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी। कंपनी के नाम पर यह जमीन 07 मई 2025 को दर्ज हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने झूठे दस्तावेज और गलत जानकारी देकर ग्राम पंचायत को गुमराह किया।

### ग्राम पंचायत ने एनओसी किया निरस्त

ग्रामीणों और ग्राम पंचायत को जब असलियत पता चली कि फल-सब्जी के नाम पर बूचडख़ाना खोला जा रहा है, तो ग्राम सभा कतपोन ने 3 अक्टूबर को सर्वसम्मति से एसएजी फूड्स को दिया गया पूर्व का एनओसी निरस्त कर दिया। ग्राम सभा ने यह भी कहा कि चूंकि यूनिट ग्राम सतपोन की कृषि भूमि पर बन रही है, इसलिए नियमानुसार एनओसी भी ग्राम सतपोन की ग्राम सभा से ही लेना अनिवार्य हैए जो कंपनी ने नहीं लिया।

### सुरक्षा पर भी उठाए सवाल

ग्रामीणों ने बूचडख़ाने में काम करने वाले लगभग 600 कर्मचारियों की पृष्ठभूमि को लेकर भी चिंता जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि आज देश के माहौल को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन कर्मचारियों में कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिये या रोहिंग्या हो सकते हैं, जो क्षेत्र ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश की शांति के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर से मांग की है कि क्षेत्र के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस अवैध निर्माण को तुरंत रुकवाया जाए और अनुमति न दी जाए।

### रोजगार मेला 9 को, 700 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर 3 को जिलेभर में आयोजित होंगी अनेक गतिविधियां

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिलेभर में अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सीहोर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

यह सभी गतिविधियां आयोजित करने का उद्देश्य दिव्यांगजनों को अवसर, सम्मान और मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार दिव्यांगजनों की प्रतिभा, क्षमताओं और अधिकारों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से पूरे जिले में खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियां और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एथलेटिक्स, व्हीलचेयर रेस, कबड्डी, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, टेबल-टेनिस, तैराकी, जत्था दौड़, बॉल थ्रो, 100 मीटर दौड़ सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों की कला व हुनर को प्रदर्शित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, नाटक, चित्रकला, हस्तकला, मॉडल प्रदर्शनी एवं अन्य गतिविधियां भी होंगी। इस अवसर पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## 16 हजार छात्रों से कॉलेज प्रबंधन वसूलता है मोटी फीस, लेकिन नहीं देता सुविधा

# वीआईटी विवाद अब विधानसभा में गर्माया कांग्रेस विधायक दिनेश ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में दूषित पानी और खराब खाने से छात्रों के बीमार होने और हॉस्टल वार्डन द्वारा कथित मारपीट का गंभीर मामला मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए गूंज उठा। कांग्रेस विधायकों (दिनेश जैन बोस, हेमंत सत्यदेव कटारे और महेश परमार) ने सरकार पर सवाल दागते हुए आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की लापरवाही से लगभग 300 से अधिक विद्यार्थी पीलिया जैसी बीमारियों का शिकार हुए, लेकिन प्रशासन ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।

विधायकों ने आरोप लगाया कि महंगे फीस वसूलने वाले कॉलेज प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण करने के बजाय, छात्रों को पीटकर हॉस्टल खाली करा दिया, जिससे हजारों विद्यार्थी अफरा तफरी के माहौल में वापस लौटे। विधायकों के तीखे सवालों के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया कि छात्रों की शिकायत पर हॉस्टल वार्डन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और जांच में 4 पेयजल सैंपल दूषित पाए गए हैं, जिस पर विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।




### विधायक बोले, भेज दिया ई-मेल

विधायकों ने कहा कि महंगी फीस वसूलने वाले प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण करने के बजाय अचानक ई-मेल भेजकर 08 दिसंबर तक की छुट्टी घोषित कर दी और हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया। इससे देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 16 हजार विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और उन्हें मनमाना किराया देकर वापस लौटना पड़ा।

### मंत्री का जवाब, दो एफआईआर दर्ज

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया कि विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार 23 छात्र और 13 छात्राओं में जॉन्डिस के लक्षण पाए गए थे, जिन्हें अभिभावकों की सलाह पर घर भेज दिया गया। मंत्री ने पुलिस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों द्वारा गुणवत्ताहीन भोजन, पेयजल की शिकायत और स्टाफ द्वारा मारपीट के आरोप पर हॉस्टल वार्डन प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं विश्वविद्यालय के आवेदन पर छात्रों द्वारा आगजनी और तोडफ़ोड़.किए जाने के आरोप में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है।

### 10 लाख का जुर्माना भी

मंत्री ने बताया कि 26 नवंबर को लिए गए पेयजल सैंपलों की जांच में 18 में से 4 वितरण स्थलों के नमूने दूषित पाए गए। रजिस्ट्रार को जीवाणु निवारण के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा वीआईटी पर पूर्व में भी प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की गई है और एक प्रकरण में 10 लाख का अर्थदंड भी लगाया जा चुका है।

### नोटिस जारी किया है

वर्तमान घटना के बाद आयोग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है और विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है कि क्यों न उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन ने परिसर में स्थाई रूप से पुलिस बल तैनात किया है और स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

### पेंशनर कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सीहोर जिले में एजेन्सी देना है।
बरखेड़ी, मेहतवाड़ा, श्यामपुर, भौरासा, बिलकिसगंज, लड़कुई, नसरूल्लागंज (भैरूदा), अमलाहा, सलकनपुर, बयां, शाहगंज, डोबी बक्तरा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### गीता जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम

**सीहोर।** गीता जयंती के अवसर पर संस्कृतभारती के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये , जिसमें श्रीमद्भागवत गीता पूजन विद्यालय व मंदिरों में सम्पन्न हुए. वही गीता के द्वादश अध्याय का सामूहिक पाठ भी अनेक स्थानं पर हुआ।

### गीता जयंती मनाई



**सीहोर।** इस साल भी शहर के बस स्टैंड के समीप गीता मानस भवन में कथा व्यास पंडित अभिषेक भारद्वाज के मार्गदर्शन में गीता जयंती के मौके पर यज्ञ आदि का आयोजन किया गया। इस मौके पर वेद मंत्रों के साथ यहां पर श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दी।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी


**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 2 दिसंबर को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 को 4252 रुपए, 28 को 4260 रुपए, 29 को 4240 रुपए, 30 नवंबर को 4237 रुपए और 1 दिसंबर को 4239 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

संदिग्ध मौत पर फूटा जन आक्रोश, भैरूंदा में घंटों हंगामा, परिजन बोले-हादसा नहीं, हत्या; पुलिस ने जांच शुरू की

# युवक की संदिग्ध मौत से भड़का गुस्सा शव कार में रखकर चौराहे पर प्रदर्शन

दोपहर होते-होते चौराहे पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिचित एकत्र हो गए। परिजनों ने इसे हादसा नहीं बल्कि हत्या करार देते हुए पुलिस पर ढीली जांच का आरोप लगाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





रेहटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबरी नर्मदा घाट पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात हुई एक संदिग्ध मौत ने मंगलवार दोपहर पूरे भैरूंदा में तनाव पैदा कर दिया। छोटा बाजार निवासी सूरज पिता किशोर केवट (25) की कथित रूप से नाव से टकराने के बाद मौत होने की सूचना ने परिजनों के शक को और गहरा कर दिया। इसी के चलते परिजन शव को कार में रखकर भैरूंदा के दुर्गा मंदिर चौराहे पर पहुँचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**आक्रोशित लोगों ने नगर के मुख्य चौराहे पर नारेबाज़ी कर बनाई जाम की स्थिति**

दोपहर होते-होते चौराहे पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिचित एकत्र हो गए। परिजनों ने इसे हादसा नहीं बल्कि हत्या करार देते हुए पुलिस पर ढीली जांच का आरोप लगाया। भीड़ की संख्या बढ़ने के साथ ही नारेबाज़ी शुरू हो गई और परिजनों ने सड़क पर जाम लगाने की कोशिश की, जिससे यातायात बाधित होने लगा। आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वाहन घंटों तक फंसे रहे।

**पुलिस ने संभाला मोर्चा, समझाइश देकर शांत कराया मामला, होगी निष्पक्ष जांच**

स्थिति बिगड़ते देख भैरूंदा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर पूरी घटना को समझने की कोशिश की। परिजनों ने युवक की मौत पर गहन जांच, संदिग्धों की पहचान और सख्त कार्रवाई की मांग रखी। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और हर पहलू की बारीकी से जांच होगी। लगभग एक घंटे की समझाइश और प्रयास के बाद भीड़ शांत हुई और यातायात दोबारा सुचारु हो सका।

**प्रथम दृष्टया दुर्घटना, लेकिन जांच सभी पहलुओं से पुलिस:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला दुर्घटना जैसा प्रतीत हो रहा है और संभवतः नाव की टक्कर से सूरज के डूबने की आशंका है। हालांकि परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मामले में किसी भी तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

**अचानक हुई मौत से शोक और आक्रोश में डूबे परिजन, समूचे क्षेत्र में दहशत**

सूरज की अचानक हुई मौत से परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना है कि घटना देर रात हुई और परिस्थितियाँ संदिग्ध हैं, इसलिए स्पष्ट जांच जरूरी है। घटना के बाद से नगर में भय और तनाव व्याप्त है। पुलिस मौके पर सतर्कता बनाए हुए है और स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

## बीएसआई मैदान पर सीहोर ने भोपाल को 8 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर इन दिनों अंडर-18 टीम का अभ्यास सत्र चल रहा है। सीहोर की टीम आगामी 8 दिसंबर को विदिशा में खेली जाने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। वहीं मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भोपाल अंकुर अकादमी की टीम को सीहोर अंडर-18 की टीम ने आठ विकेट से हराया। इसमें सीहोर के उभरते स्पिन गेंदबाज देवेन्द्र ने पांच विकेट लिए, वहीं निर्मल ने 52 रन और दीपेश सेन ने 48 रन बनाए थे। वहीं टीम के कप्तान नवनीत सोनी ने शानदार बल्लेबाजी की। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, नागेन्द्र व्यास, मदन कुशवाहा आदि ने टीम को बधाई दी।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की अंकुर अकादमी की पूरी टीम 114 रन पर सिमटी गई।

सीहोर अंडर-18 टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज देवेन्द्र ने पांच विकेट, कप्तान नवनीत सोनी, सक्षम, फरहान, राजा, दीपेश सेन ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर की टीम ने दीपेश सेन की 48 रन, निर्मल की 52 रन की विस्फोटक पारियों की मदद से आठ विकेट से यह मैच जीता। सीहोर-अंडर-18 की टीम शुरू से ही खेल के हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करती नजर आई। शुरू में सीहोर टीम के कप्तान नवनीत सोनी ने गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को सफलता दिलाई थी, इसके पश्चात देवेन्द्र ने अपनी स्पिन गेंदबाजी के बल पर पांच विकेट हासिल किए। इसके अलावा लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम के दीपेश सेन और निर्मल ने भी विस्फोटक बल्लेबाजी की।

## ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने दिखाए अपने जौहर, चयनित बच्चे कल जाएंगे सीहोर



**इछावर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर बीआरसीसी परिसर में विकासखण्ड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत करीब 60 दिव्यांग छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने सामर्थ्य का जोरदार प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं टिफीन बाक्स , कंपाक्स बाक्स आदि भेंटकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं का चयन किया गया , जो बुधवार को सीहोर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे । मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के सामर्थ्य प्रदर्शन अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दौड़, रंगोली , गीत, नृत्य , चित्रकला , निबंध , ऊंची कूद , कुर्सी दौड़ , कविता गायन, वादन आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित , मानसिक मंदबुद्धि , श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सुभाष चन्द्र दूबे ने कार्यक्रम को संबोधित कर शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के बारे में बताया। दूबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में भी कई प्रतिभाएं होती है बस हमारी जिम्मेदारी है कि उस प्रतिभा को तराशकर उसे समाज की मुख्य धारा से जोड़े। प्रतियोगिता में चयनित प्रथम व द्वितीय विजेताओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग दिलाने के लिए बुधवार को सीहोर ले जाया जाएंगा। कार्यक्रम का संचालन सीएसी चंदरसिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से एमआरसी सुधा केलोदिया, बीएसी शैलेंद्र ठाकुर, चंदरसिंह ठाकुर, घनश्याम वर्मा, महेंद्र सिंह सिसौदिया , मनोज राठौर, अनिल कलमोदिया, अशोक मालवीय, नरेंद्र सोलंकी, जनशिक्षक महेश कुमार मालवीय, अतुल सेन, घनश्याम वर्मा, चुन्नी लाल परमार, गुरू प्रसाद जामलिया, शिक्षक कमलसिंह मालवीय, बहादुर सिंह, सीमा मालवीय आदि शामिल थे।

**यह है विजेता :** आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रिया, प्रतिज्ञा, पायल, पियूष पांचाल, अमरसिंह, पवन, नियासी, योगेश, कमलेश, अनुराग़, शिवांश, मोहित, किरण, रेणुका, प्रिया, पियूष, मनतेश, देवेंद्र, राधिका, प्रिया, आरुषि आदि शामिल है

### विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंडीय क्रीड़ा स्पर्धा सफलता पूर्वक संपन्न



**सीहोर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास खण्डीय स्तर की विविध क्रीड़ा सांस्कृतिक स्पर्धाओं का भव्य आयोजन, मंगलवार को दिव्यांग बालिका छात्रावास, मंडी सीहोर के प्रांगण में किया गया। उक्त महोत्सव में कुल 65 दिव्यांग बच्चों ने विविध क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विधाओं में उत्साह एवं उमंग सहित भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रमेश राम ऊईके जिला परियोजना समन्वयक सीहोर द्वारा माँ सरस्वती की दिव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत किया गया। इस अवसर पर 90 प्रतिशत दृष्टिबाधित बालिका कु.पूर्णिमा लोधी ने चित्रकला स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंशिक दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा ध्वनियुक्त क्रीड़ागोल के साथ 50 मीटर दौड़ स्पर्धा में भाग लिया। इसके उपरांत नीबू दौड़, कुर्सी.दौड़, नृत्य तथा गायन आदि विविध स्पर्धाओं में भी बच्चों ने अतिशय उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के उपरान्त समस्त प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की रूप रेखा गायत्री श्रीवास्तव एवं नीलेश राय गुप्ता द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संकलित एवं संचालित की गई। इस अवसर पर बीआरसीसी अशोक वर्मा तथा जनपद शिक्षा केन्द्र, सीहोर से हेमलता सेंगर, अमिता आहूजा, योगिता लोधी एवं समस्त स्टाफ ने उपस्थित रहकर सहयोग, व्यवस्थापन एवं पुरस्कार वितरण में सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया।

### चेतन मप्र वन व वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव नियुक्त



**सीहोर।** प्रदेश के हजारों वन कर्मचारियों के हित में निरंतर सक्रिय चेतन कुमार आर्य को मध्य प्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने बड़ी जिम्मेदारी दे दी है। वन कर्मचारियो क प्रमुख संगठन भारतीय वन अधिकारी महासंघ में सीहोर के चेतन कुमार आर्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत हैं । संगठन और वन कर्मचारियों के प्रति समर्पित जिले के चेतन कुमार आर्य को मध्य प्रदेश वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए प्रांतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया है। नव नियुक्त प्रांतीय महासचिव चेतन कुमार आर्य ने कहा कि उनका लक्ष्य कर्मचारियों की समस्या को शासन - प्रशासन स्तर पर रखकर एवं जो भी पूर्व में लंबित समस्या है उनका समाधान कराने का है। जिले के समस्त वन कर्मचारियों ने कर्मठ संघर्षशील श्री आर्य को संगठन का प्रांतीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर प्रांतअध्यक्ष रामयश मौर्य एवं सेवानिवृत्ति पूर्व प्रांतीय महासचिव के.वी.एस परिहार का हृदय से आभार व्यक्त किया है। प्रांतीय महासचिव बनने पर प्रांतीय सचिव दीपक वेदी, संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह दुगेरिया एवं समस्त सीहोर वन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा चेतन कुमार आर्य को बधाई शुभकामनाएं दे कर खुशी व्यक्ति की है।

### 861 बच्चों का टीकाकरण किया

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 02 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 655 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 206 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 95 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

कलेक्टर ने दुग्ध उत्पादन और उद्यानकी फसलों को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

## सिंचाई के लिए कम पानी की खपत की तकनीकों का उपयोग करने किसानों को प्रेरित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कृषि सेक्टर के व्यापक विकास के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाए। इसके साथ ही दूध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन और मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को वैकल्पिक आजीविका साधनों से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने केसीसी की संख्या बढ़ाने एवं अधिक से अधिक किसानों को कृषि ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिंचाई में कम पानी उपयोग करने वाली आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी बल दिया, ताकि जल संरक्षण के साथ टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि किसान एक ही फसल पर निर्भर न रहें, बल्कि अलग-अलग बहुविविध फसलों की खेती अपनाकर जोखिम कम करें और आय में स्थिरता लाएं। उन्होंने किसानों को नरवाई नहीं जलाने तथा अवशेष प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप संचालक कृषि एके उपाध्याय, उप संचालक पशुपालन आरपी गौतम, सहायक आयुक्त सहाकारिता सुधीर कैथवास, सहायक संचालक उद्यानिकी जेएस मुजाल्दा, सहायक संचालक मत्स्य प्रशांत हर्ष, जिला सहकारी बैंक के प्रभारी महाप्रबंध मनोज शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एकलव्य क्रिकेट अकेडमी के आरव मासीह अंडर-16 मप्र में चयनित



**सीहोर।** शहर के बीएसआई क्रिकेट ग्राउंड की एकलव्य क्रिकेट अकेडमी के आरब मासीह अंडर-16 म.प्र. टीम में चयनित हुए। आगामी 7 दिसंबर से रायपुर में कर्नाटक के विरुद्ध अपना जोहर दिखाएंगे।

आरब मासीह पिछले दो महीनों में डिवीजन मैचों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के माध्यम से म.प्र. विजय मार्चन्ट ट्रॉफी के लिये म.प्र. अंडर-16 टीम में अपनी जगह बना पाये।मध्य प्रदेश के समस्त मैच इस प्रकार होगें। पहला मैच मध्य प्रदेश विरुद्ध कर्नाटय दिननांक 7 दिसम्बर से 9 दिसम्बर 2025 तक दूसरा मैच मध्य प्रदेश विरुद्ध आंध्रा प्रदेश 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2025 तक तीसरा मैच मध्य प्रदेश उत्तराखण्ड 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2025, चौथा मैच 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक, पाचवा मैच 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक मैच खेले जाने वाले मैचों में आरव मासीह अपना जोहर दिखायेगें। आरव मासीह इस उपलब्धि पर एकलब्य क्रिकेट अकेडमी के संचालक जगदीश कुशवाह एवं कोच अतुल कुशवाह, गौरव पिचौनिया चेतन मेवाड़ा मंयक जैन ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसके साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिशियन के अधिकारियों में वीरेन्द्र वर्मा, अतुल तिवारी, मदन कुशवाह, कमलेश पारोचे, आशीष शर्मा, सुनील जलोदिया, अमित शर्मा समस्त लोगो के एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।

### पूर्व से दो शादी कर चुका है आरोपी, पीड़िता को देता रहा शादी का झांसा

# यौनशोषण व मानसिक रूप से प्रताड़ित महिला ने एसपी से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खिलचीपुर के कुलीखेड़ा के रहने वाले मेहरबान सिंह पर लिवइन में रहने वाली पीड़िता ने लगातार शारीरिक संबंध बनाकर यौनशोषण करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गर्भपात कराने एवं जान से मारने की धमकी जैसे आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर दिए गए आवेदन में कहा है कि आरोपी ने कई महीने पीडि़ता के साथ देहशोषण किया एवं लड़का पैदा करने के लिए दबाव बनाता रहा।

बाद में पता चला की उसकी पूर्व में ही 2 शादी हो चुकी है। इस पर से बात बिगड़ना शुरू हुई और चालाकी से मेहरबान से पीड़िता को भी झांसे में ले लिया। इसके बाद शारीरिक संबंध बनाते हुए मेहरबान सिंह दांगी ने गर्भपात भी करवाया। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी मेहरबान पर मामला दर्ज किया गया है।



#### पहले ही मेहरबान की हो चुकी हैं दो शादियां

कुलीखेड़ा में रहने वाले एवं राजनीतिक संरक्षण का गलत फायदा उठाने वाले मेहरबान सिंह दांगी ने दो शादियां की है जिनमें से भवानीपुरा खिलचीपुर की सुंदरबाई से हुई है एवं दूसरी शादी ब्यावरा के खजुरिया की कांताबाई दांगी से हुई है। इसके बाद भी तीसरी शादी का झांसा देकर पीड़िता को कई महीने रखा और यौनशोषण किया।

#### जबरन खिलाई गर्भपात की गोलियां

पीड़िता ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी को आवेदन में लिखा है कि आरोपी ने जबरन गोलियां खिलाकर मेरा गर्भपात करवाया है जिसमें 2 महीने का गर्भ गिराने की शिकायत की है। साथ ही मेरे साथ लगातार मारपीट कर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और पिता के घर भगा दिया गया।

**इनका कहना है...**

यह सब राजनीतिक षडयंत्र है। मैने ऐसा कुछ नहीं किया।

**मेहरबान सिंह दांगी**
**जिला उपाध्यक्ष भाजपा खिलचीपुर**

वैसे तो सभी कार्यकारिणी भंग चल रही हैं फिर भी कानून अपना काम करेगा।

**ज्ञानसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष भाजपा**

### किसान परेशान, प्रशासन का नहीं इस ओर कोई ध्यान

# यूरिया खाद के साथ थमा रहे खाद व्यापारी किसानों को उत्तम पाउच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

रबी फसल सीजन के चलते किसानों को यूरिया, डीएपी उर्वरक की फसलों में आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं। वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे। बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया ,डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं। इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायजा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी ,बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है ।हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का शोषण कर रहे हैं। इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें।




**इनका कहना है...**

कलेक्टर ने टैग में प्रतिबंध लगा रखा है। यदि कोई खाद व्यापारी जबरदस्ती किसान को यूरिया की बोरी के साथ कुछ देता है तो व्यापारी पर एफआईआर की जाएगी।

**सचिन जैन, जिला कृषि अधिकारी, राजगढ़**

# नपा में 109 स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त, तीन दिन से जारी प्रदर्शन

### शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर कार्रवाई की गई

#### जिलाध्यक्ष कछवाय बोले आदेश में सफाईकर्मी का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद नगर पालिका में कार्यरत 43 सफाईकर्मियों सहित कुल 109 स्थाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। शासन द्वारा जारी पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हटाए गए सफाईकर्मी पिछले तीन दिनों से नगर पालिका कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ नारे लगाते हुए विरोध जताया तथा नगर पालिका परिसर में बैठकर ज्ञापन एवं आदेश की प्रति अधिकारियों को दिखाई।

सोमवार को भी सफाईकर्मियों का प्रदर्शन जारी रहा। बड़ी संख्या में कर्मचारी, पदाधिकारी एवं उनके समर्थक नपा कार्यालय पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष विरु कछवाय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे से चर्चा की। बैठक के दौरान सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार की मनमानी नहीं की गई है, बल्कि मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग मात्रालय प्रमुख सचिव के निर्देश पर कार्यवाही हुई। प्राप्त आदेश के आधार पर ही स्थाईकर्मियों की सेवा समाप्त की गई है।

उन्होंने बताया कि नियुक्तियों और सेवा निरस्तीकरण पर उच्चस्तरीय निर्देश प्राप्त होने के बाद ही यह निर्णय लागू किया गया है। वहीं दूसरी ओर सफाईकर्मियों के जिलाध्यक्ष कछवाय एवं राष्ट्रीय महासचिव सफाईकर्मी संघ संदीप सलोने एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिनों के भीतर सभी हटाए गए सफाई कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति नहीं की जाती है तो पूरे जिले में सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि यह निर्णय अन्यायपूर्ण है तथा वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को बिना उचित विचार किए हटाया जाना मानविय एवं प्रशासनिक दोनों स्तर पर अनुचित है। इसी के चलते सोमवार को प्रदर्शन के दौरान नाराज कर्मचारियों ने सीएमओ ज्योति सुनेरे के खिलाफ नारे भी लगाए।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर भी हुए आयोजन

# गीता महोत्सव: बच्चों ने तन्मय होकर सुना गीता का 15वां अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मुख्यालय के पारायण चौक परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे साधु, संतों का कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस दौरान उपस्थित विभिन्न स्कूलों के अनेकों बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता के 15वें अध्याय का स-स्वर श्रवण करवाया गया। उपस्थित बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ भक्ति और श्रृद्धा में लीन रहते हुए इस अध्याय का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्धबोधन में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि



वेद, पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है क्योंकि यही हमारी जड़ों और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि गीता सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है और इसके 18 अध्यायों में ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि "कर्म करो, फल की चिंता मत करो', गुरुजनों का सम्मान करो, यही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा है।

#### गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साधु, संतों व जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीमद् भगवद् गीता को 'राष्ट्रीय ग्रंथ' घोषित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों ने सामूहिक रूप से गीता आरती का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, सम्मान और आध्यात्मिकता से भर उठा। अंत में राजगढ़ एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।



#### क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार

**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्लाइमेट चेंज एंड बायोडायवर्सिटी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य संरक्षक डॉ. मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक भोपाल नर्मदापुरम एवं संरक्षक डॉ.वी. बी. खरे. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय (पीमसीओई) राजगढ़ तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा उपस्थिति रहे। डॉ. अजीत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस लखनऊ फोरेंसिक बायोलॉजी और सीरोलॉजी डिपार्टमेंट एवं डॉ. देवेंद्र सिंह पोर्टे, असिस्टेंट प्रोफेसर, रूरल टेक्नोलॉजी और सोशल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर तथा गिरीश शिव विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग, स्व. तुकोजीराव पंवार गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, देवास वर्चुअल रूप से जुड़े।

### आवारा कुत्तों सहित सूअरों को भी करेंगे शहर से बाहर

# आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने इंदौर से बुलवाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों में आवारा कुत्तों ने आंतक मचाया हुआ है। बीते एक महीने में कई लोग डॉग बाईट्स का शिकार हो चुके हैं। झुंडों के रूप में यहां-वहां घूम रहे इन आवारा कुत्तों को पकड़ने राजगढ़ नगर पालिका ने सोमवार को इंदौर से 12 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम बुलवाई है।

इस टीम द्वारा न केवल आवारा कुत्तों बल्कि स्वच्छता के लिहाज से सूअरों को भी पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को डॉग कैचर टीम सदस्यों द्वारा उद्धभव नगर, खरला नाला सहित कईं स्थानों से आवारा कुत्तों व सूअरों का पकड़ा गया है। यह टीम आगामी दिनों में भी इसी तरह आवारा कुत्तों को पकड़कर उचित स्थानों पर पहुंचाएगी।



#### शेल्टर होम भिजवाने की मांग

गौरतलब है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर के आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जा रही टीम द्वारा कुत्तों को मकसूदनगढ़ के समीप छोड़ दिया गया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। ऐसे में नगरवासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि इस बार कपड़े जा रहे कुत्तों कोएनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर या शेल्टर होम पहुंचाया जाए ताकि वहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण भी हो सके। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह के दौरान जिला चिकित्सालय सहित आसपास के अन्य अस्पतालों में डॉग बाईट्स के चलते कईं लोग घायल हो चुके हैं।

#### उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश सेवानिवृत्त हुए

**जीरापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश सेन की सेवानिवृत्ति पर विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग में तिरालिस वर्षों तक सेवारत शिक्षक की सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार आर.पी.गौड़ ने माँ सरस्वती का पूजन कर सेवानिवृत्त शिक्षक सेन का शाल श्रीफल पुष्पहार एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। सेन की उत्कृष्ट सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भी उनका पुष्पहार से सम्मान कर उनके द्वारा की गई सेवाओं की प्रशंसा कर उन्हें सम्मानपत्र भेंट किया।

### कोतवाली थाने पहुंचे विहिप, बजरंग दल पदाधिकारी

# भड़काऊ भाषण देने वाले मौलाना मदनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** गत 29 नवंबर को राजधानी भोपाल में मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा दिए गए भाषण को भड़काऊ, देशद्रोही एवं विभाजनकारी करार देते हुए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खासा रोष व्याप्त है। इस संबंध में मौलाना मदनी पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए विहिप, बजरंग सदस्य सोमवार शाम कोतवाली थाने पहुंचे और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भड़काऊ और देशद्रोही भाषणों का हम पुरजोर विरोध करते हैं। मदनी जैसा व्यक्ति समाज और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए बहुत खतरनाक है। इस तरह की मानसिकता रखने वाले पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152, 196 एवं 353 के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।



इस अवसर पर जिला मंत्री मयंक जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता रानोलिया, बल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख लखन गुर्जर, गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर, चंदन गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, प्रकाश तवर, सोनू गौड़, अभिषेक पिपलोटिया सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गीता जयंती पर श्री झाली आश्रम में हुआ आयोजन



**नरसिंहगढ़।** सोमवार को श्री झाली आश्रम मंदिर परिसर में गीता जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। यह मानव जीवन को सही दिशा और सकारात्मक सोच प्रदान करती है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्षा कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, मंदिर के पुजारी पंडित राघवेंद्र शर्मा, सीएमओ अभिषेक जैन, रमेश मालवीय, हरिओम मिश्रा,ललित शर्मा, सतेंद्र सिंह, पवन मेहता, भारत सिंह गुर्जर, कमल चैरसिया, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

#### इंदौर पब्लिक स्कूल से रौनक सेन का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 7वीं के छात्र रौनक सेन ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रौनक सेन का चयन अंडर-13 बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है। वह आगामी जनवरी माह में भोपाल में आयोजित होने जा रहे संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रौनक सेन को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

# जिले में एड्स के 610 मरीज, हर साल बढ़ता ही जा रहा आंकड़ा

#### आमजनों में जागरुकता लाने स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद जिले में एड्स पीड़ितों की संख्या में साल दर साल ईजाफा होता ही जा रहा है। बीते पांच सालों की बात करें तो औसतन हर साल एड्स के 50 नए मरीज सामने आ रहे हैं। वर्तमान स्थिति में राजगढ़ जिले में एड्स के कुल 610 चिन्हित हैं जिनका इलाज भोपाल, राजगढ़ आदि अस्पतालों में चल रहा है। सिर्फ बचाव ही रोकथाम' वाली इस बीमारी के प्रति आमजनो को जारुगक करने नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर नगर में एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, पुराना बस स्टैंड, सब्जी बाजार और से गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागी जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। मंगल भवन पहुंचकर रैली का समापन हुआ। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि एड्स से बचाव ही इस बीमारी का सबसे प्रभावी समाधान है।



#### छात्राओं को प्रदान किए स्टील थर्मस बॉटल

जागरूकता रैली के समापन के उपरान्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा रैली में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्टील थर्मस बॉटल का वितरण कराया गया। यह पहल छात्राओं के उत्साह को बढ़ाने और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| कुल मरीज | 610 |
| पुरुष | 380 |
| महिला | 150 |
| बच्चे | 15 |
| गर्भवति | 40 |
| अन्य | 25 |

#### जागरुकता ही एड्स से बचाव का मूल मंत्र

कार्यक्रम के समापन पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स से बचाव के लिए जागरुकता ही मूल मंत्र है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को एड्स एवं एचआईवी के संबंध में सही जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन रजनीश शर्मा, एड्स कंट्रोल नोडल अधिकारी डॉ. राजीव हरिऔध, डॉ. आर.के. कठेरिया, डॉ जे.के. शाक्य, सीबीएमओ डॉ एसके मित्तल, डॉ अमित कोहली, कीर्ति सिंह, कौशल पिपलोटिया, साधना बॉथम, ज्योति मीणा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 40 वर्षीय पशु चिकित्सक की मौत

**देवास।** सडक़ हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह अपने ससुराल शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। यह घटना बुदासा के समीप हुई, जब दिलीप यादव अपनी बाइक से भौंरासा की ओर जा रहे थे। सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से टोंकखुर्द ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रविवार रात करीब 8.30 बजे देवास जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नांदेल निवासी दिलीप पिता मन्नालाल यादव (40) के रूप में हुई है। वह एक निजी पशु चिकित्सक थे और उनका एक बेटा है।सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर अचानक नीलगाय आने से हादसा

**देवास।** जिले के चुरलाई फाटे पर रविवार शाम सडक़ पर अचानक नीलगाय आने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक के नीलगाय से टकराने के कारण खेड़ा खजुरिया निवासी गोपाल उपाध्याय की मौत हो गई। हादसे के वक्त बाइक पर उनकी पत्नी और 3 साल का पोता भी सवार थे, गनीमत रही कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। घायल गोपाल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक गोपाल उपाध्याय पंडिताई का कार्य करते थे। घटना के दिन वे अपने परिवार के साथ मान में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से कार्यक्रम समाप्त कर वे वापस अपने घर बराई लौट रहे थे। दुर्घटना के समय उनके साथ उनकी पत्नी मधुबाला उपाध्याय और तीन वर्षीय पोता पार्थ उपाध्याय भी बाइक पर थे।

### ग्राम भटोनी परमार में पं. नागर की भागवत कथा 9 दिसंबर से

देवास । टोंकखुर्द तहसील के ग्राम भटोनी परमार में आगामी 9 से 15 दिसंबर 2025 तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत पं. कमलकिशोर नागर के श्रीमुख से भागवत ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी। आयोजन समिति के कृष्णपाल सिंह पंवार ने बताया कि उक्त आयोजन हमारे पिता स्व. औंकार सिंह पंवार व माता स्व. गीताकुंवर पंवार की स्मृति में होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए ग्रामवासियों में उत्साह से ग्रामवासी आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

---

### अहमदपुर-दोराहा के जंगल में दिखा तेंदुआ, कैमरे में हुआ कैद, ग्रामीण दहशत में

# नाकेदार बोले-खेत पर जाना बंद करो, रेंजर ने कहा हम तेंदुए से नहीं कह सकते भैया यहां मत घूम, कभी-कभी आ जाता है

#### तैंदुए की दहशत के कारण आस-पास के ग्रामीण नहीं जा पा रहें खेतों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों ओर किसानों में भय का माहौल बन गया है। तेंदुआ की दस्तक उसकी मूवमेंट की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। जिसमे तेंदुआ की दस्तक देखी गई। मामला जिले के अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मगरदा बीट के कोलूखेड़ी गांव का है। जहां तेंदुआ की दस्तक देखी गई है। कोलूखेड़ी किसान मुकेश मीणा के खेत पर बने मकान पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। किसान मुकेश मीणा ने बताया की कोलूखेड़ी गांव से 1 किलोमीटर आगे मेरी जमीन है। मकान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। रात्रि में तेंदुए का मूवमेंट मेरे मकान पर हुआ। कुत्ते पर तेंदुआ ने हमला भी किया है। कोलूखेड़ी पथरिया के आसपास लगे दर्जन भर गांव में तेंदुए की मूवमेंट से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने तेंदुए की दस्तक को लेकर वन विभाग के नाकेदारों को सूचित किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। कोलूखेड़ी निवासी अमर सिंह मीणा ने बताया कि कोलूखेड़ी बडली के पास, तेंदुए की दस्तक देखी गई है वन विभाग के नाकेदारों को सूचना करने के बाद भी वन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। तस्वीरे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद तेंदुए की तस्वीरे भी ग्रामीण सोसाल मीडिया पर वायरल कर रहे है। जिस कारण से कई किसान खेतों पर नहीं जा रहै है। जिस कारण किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों से जब हमारे हरिभूमि संवाददाता वसीम उददीन ने दूरभाष से चर्चा की तो ग्रामीणों ने बताया की आसपास के ग्रामीण क्षेत्र इलाके में तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की लगातार सूचना देने के बाद, वन विभाग का आमला तेंदुए को लेकर कोई ठोस कदम नही उठा रहा है जिससे ग्रामीण ब किसानों में भय बना हुआ है।



#### तेंदुआ ने कुत्ते का किया शिकार, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीर

कोलूखेड़ी निवासी मुकेश मीणा के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुत्ते पर हमला करते हुए तेंदुए का सीसीटीवी फुटेज रिकॉर्ड हो गया है जिसमें साफ तौर पर तेंदुआ की मौजूदगी साफ दिखाई दे रही है तेंदुआ कुत्ते पर हमला करता हुआ नजर आ रहा है , जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। कोलूखेड़ी निवासी अमर सिंह मीणा ने बताया कि बीती रात गांव से एक कुत्ते को तेंदुआ उठा ले गया। ग्रामीण खेतों पर जाने में अपने आप को असुरक्षित और असहाय और भयभीत महसूस कर रहे हैं। किसान तेंदुआ की मौजूदगी ओर दस्तक के कारण डरे हुए नजर आ रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थिति की जानकारी विभाग को होने के बाद भी कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। केवल औपचारिकता निभाई जा रही है।

#### नाकेदार बोला, खेत पर जाना करो बंद

ग्रामीणों का कहना है की नाकेदार ने उन्हें सिर्फ इतना कहकर लौटा दिया कि आग जलाकर रखिए और रात में खेतों पर मत जाइए, ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या किसान अपनी सिंचाई बंद कर दें? क्या वन विभाग का यही कर्तव्य है कि केवल सलाह देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। ग्रामवासियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है और तेंदुआ को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ने की ठोस कदम उठाने की बात कही है, ताकि किसान दोबारा सुरक्षित रूप से अपने खेतों में काम कर सकें और गांव में शांति बहाल हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक वन विभाग प्रभावी कदम नहीं उठाता, तब तक गांव में डर का माहौल बना रहेगा।

#### बीट प्रभारी को पता ही नहीं कोलूखेड़ी गांव किस-किस बिट में आता है

वहीं ग्रामीणों द्वारा तेंदुए की दस्तक की सूचना नाकेदार को देने के बाद भी इस मामले में वन विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीणों ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब इस पूरे मामले में हमारे हरिभूमि संवाददाता बसीम उददीन ने मगरदा बीट के नाकेदार एल सी गुप्ता से जानना चाहा तो नाकेदार का कहना है की आपके द्वारा बताया गया है, वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दे दी जाएगी। वहीं नाकेदार से जब पूछा गया कि आपकी बीट अंतर्गत गांव के आसपास तेंदुए की मूवमेंट का देखा गया है तो नाकेदार ने बताया कि कोलूखेड़ी गांव कौन सी वीट में आता है, अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की नाकेदार को अपने बीट के अंतर्गत आने वाले गांव का ही पता ही नहीं तो फिर जंगल का किस तरह से नाकेदार ध्यान रखते होंगे या अपना दायित्व निभाते होंगे।

#### ग्रामीणों ने लगाए आरोप

कोलूखेड़ी के ग्रामीण अमर सिंह मीणा ने बताया कि हमारी जमीन गांव से लगी हुई है मेरे भतीजे मुकेश मीणा के खेत पर तेंदुए ने कुत्ते पर हमला किया है मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में सारी वारदात कैद हो गई वन विभाग को सूचना के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। पथरिया गांव के पूर्व सरपंच जसमत सिंह गुर्जर ने बताया कि लगातार क्षेत्र में तेंदुआ देखा जा रहा है। अहमदपुर से लगाकर सीहोर तक वन विभाग के छोटे से लगाकर बड़े अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। इसके बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कदम न उठाने से ग्रामीण डरे हुए हैं। अगर जल्द ही इसे नहीं पकड़ा तो किसी दिन बडा हादसा हो सकता है।

#### हम लगातार सिर्चिंग करते रहते है

तेंदुआ जंगल में घूम रहा है अपन उसको रोक तो सकते नहीं, यह तो है नहीं की भैया मत घूम। जंगल से लगे गांव है आ जाता है कभी कबार घूमता घमता शिकार के चक्कर में। तेंदुए की वायरल तस्वीर को लेकर कहना है कि ग्रामीण तो ग्रामीण होते हैं, ग्रामीणों ने जो वन विभाग पर आरोप लगाए हैं, हम लगातार सर्चिंग करते रहते हैं।

**हरिप्रसाद डागर,** डिप्टी रेंजर अहमदपुर

---

## सहकारी दुग्ध समिति ने ग्राम अरनिया राम में सांची भांत मायरा योजना अंतर्गत लगाया कैंप




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल द्वारा सांची (भांत) मायरा योजना अंतर्गत जिला सीहोर कैम्प आष्टा की दुग्ध सहकारी समिति अरनिया राम में समिति के सदस्य धीरेन्द्र सिंह ठाकुर कि पुत्री ज्योंती ठाकुर की शादी समारोह मे उपस्थित होकर जिला नोडल अधिकारी कृपालसिंह दुगारिया साथ ही सभी मार्ग पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर ,राजेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र वर्मा, मूलचंद वर्मा, शादीलाल वर्मा एवं समिति के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, सचिव अजायप ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी के साथ सांची (भांत) मायरा योजना अंतर्गत बालिका को 11000 रुपए की नगद राशि, मायरा (मामेरा) और फल मिठाई वस्त्र (साड़ी) भेंट किया। इस दौरान सहकारी दुग्ध संघ परिवार कि और से मामा के रूप मे भांजि कि शादी मे उपस्थित हुए,एवं भांजि का वैवाहिक जीवन मंगलमय हों ऐसी शुभकामनाएं दी।

## विश्व एड्स जागरुकता दिवस पर चलाया व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम, बचने की समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




देवास–भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर प्रबंधन द्वारा प्रोजेक्ट निरामया के साथ मिलकर अपोलोप फाउंडेशन के माध्यम से विश्व एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रक चालकों, बस चालकों, ढाबा कर्मियों एवं आमजन में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोग से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था। यह जागरूकता अभियान मुख्य रूप से टोल प्लाजा एवं आसपास के धाबों पर आयोजित किया गया, जहाँ से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रक और बस चालक गुजरते हैं। टीम ने सभी उपस्थित लोगों को एड्स बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की तथा एड्स के लक्षण, रोकथाम के उपाय, सुरक्षित जीवनशैली और उपचार की महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल भाषा में समझाईं। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवा, गोली, स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सेवाएँ प्रदान की गईं। अपोलोप फाउंडेशन की मेडिकल टीम मौके पर उपस्थित रही और उन्होंने प्रतिभागियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। डीबीपीसीएल–सीएसआर टीम और प्रोजेक्ट निरामया के इस संयुक्त प्रयास का उद्देश्य सड़क पर लगातार यात्रा करने वाले चालकों और श्रमिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा एड्स से बचाव के लिए सही जानकारी और सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। इस तरह के कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर डी बी सी पी एल सी एस आर टीम, एमबीबीएस डॉक्टर अर्पित भार्गव, संदीप, महेंद्र, व कई सम्माननीय उपस्थित थे।

## विश्व दिव्यांग दिवसः विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में हुईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विश्व दिव्यंग दिवस का अवसर पर जनपद शिक्षण केंद्र में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम 2 दिसंबर को आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जीवन सिंह मंडलोई उपाध्यक्ष जिला पंचायत सीहोर, विशेष अतिथि के रूप में गजराज सिंह पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आष्टा, तेज सिंह राठौर पार्षद वार्ड 15 उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजब सिंह राजपूत विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा की गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रतिभा भावक ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा क्षमता को मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से खेलकूद प्रतियोगिताएं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, कुर्सी दौड़, कविता गायन, चम्मच दौड़, वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पठन-पाठन सामग्री व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव, समन्वयक साक्षरता बीएसी देव मेवाड़ा, फूलचंद सांकले, मनोज कुमार विश्वकर्मा, मनोहर लाल विश्वकर्मा, नारायण सिंह मेवाडा शालिनी सरसिया, हरेंद्र सिंह ठाकुर लेखापाल, जन शिक्षक गजराज सिंह राजपूत, जगदीश मालवीय, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, अके सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह मेवाडा, केदार सिंह परमार राकेश परमार, शेषपाल सिंह ठाकुर, मांगीलाल सिसोदिया, शिवनारायण वर्मा लखन सिंह ठाकुर, गजराज सिंह बागवान, शिक्षिका निर्मला, राठौर नीलिमा श्रीवास्तव, राजेश कुमार मालवीय, डाटा एंट्री ऑपरेटर मिथुन भावसार, एमआईएस रवि मेवाड़ा व पालक उपस्थित रहे।

## नपा के अमले ने शुरू की शासकीय नाले से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के छात्रावास कॉलोनी के पीछे बने बड़े नाले से इलाके का पूरा बारिश के पानी वर्षा ऋतु में जाम होने के कारण कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से पूरे सिविल लाईन के घर रोड़ पर पानी भर जाता था। छात्राओं, अधिकारियों को इस पानी में से निकलकर जाना पड़ता था।

यह परेशानी स्थायी बन चुकी थी इस कारण छात्रावास के पीछे नागरिकों को शासन की योजना में जितने भाग का पट्टा दिया गया था, उससे अधिक लोगों ने शासकीय नाले के समीप खाली जगह देखकर अवैध रूप से अतिक्रमण कर अपने घर का निर्माण कर नाले को घर के अंदर ले लिया, जिसके कारण नाले की सफाई समुचित नही हो पाती थी। अतिक्रमण हो जाने के कारण बारिश का पानी अपने गंतव्य तक नही पहुंच पाता था जिसके कारण नाला अवरूद्ध होकर रोड़ पर आ जाता था जिससे गंदगी उत्पन्न होती थी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त समस्या का स्थायी निराकरण करने के लिए नाले की सफाई तथा नाले के समीप अवैध रूप से अतिक्रमण कर बने मकानों की दीवारों को हटाना आवश्यक हो गया था। ज्ञात रहे कि नगरपालिका द्वारा विगत 4-5 साल से निरंतर प्रयास किया जा रहा था, किंतु जब प्रशासन द्वारा सख्त रूख अपनाने अपनाते हुए अनुविभागीय अधिकारी नितीन टाले के मार्गदर्शन में मजिस्ट्रेट तहसीलदार रामलाल को नियुक्त कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा नाले पर छात्रावास की ओर 10 फिट लाल निशान से मार्किंग कर पट्टेदारों को उतना मकान खाली करने की मुनादी के माध्यम से सूचना दी, किंतु मुनादी के पश्चात भी नागरिकों द्वारा अवैध निर्माण कर किए गए अतिक्रमण को स्वयं नही हटाया तो प्रशासन एवं नगरपालिका अमले द्वारा आज मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी ने बताया कि पिछले तीन साल से अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा रहे थे, किंतु नागरिकों द्वारा किया गया अतिक्रमण यथावत रहा, तदुपरांत कार्यवाही की गई। जब तक पूर्ण रूप से शासकीय भूमि से अतिक्रमण नही हट जाता तब तक यह कार्यवाही जारी रहेगी। इस अवसर पर पटवारी वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, अतिक्रमण सहायक कैलाश घेंघट, गोलू घेंघट सहित अतिक्रमण टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### विश्व एड्स दिवसः जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर हुए आयोजन

## मानव श्रृंखला, जागरुकता रैली के संग रंगोली उकेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 01 दिसंबर से 7 दिंसबर 2025 तक जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियां एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विश्व एड्स के अवसर पर सोमवार को जिला चिकित्सालय द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय देवास रोहित श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला न्यायालय देवास कुंवर युवराज सिंह एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी एवं डॉ. अमरीन शेख ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली देवास शहर के मुख्य मार्गो से होकर सयाजी द्वारा से होते हुए सीएमएचओ कार्यालय पर संपन्न हुई। साथ ही सयाजी द्वारा पर मानव श्रंखला भी बनाई गई।

एचआईवी जागरूकता हेतु कन्या महाविद्यालय एवं नर्सिंग कालेज की छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया।इसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय सहित ट्रामा सेंटर पर शासकीय नर्सिंग कॉलेज देवास की छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली एवं पोस्टर प्रतिभागियों को सीएमएचओ ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार प्रदान किये।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेन्द्र गुजराती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संतोष कोतकर, नर्सिंग कॉलेज के समस्त फेकल्टी, डॉ. सुशील सोनगरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी अमलतास मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ, विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्रायें, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।